(ग) क्या सरकार का परमाणु विद्युत संयंत्रों के विस्तार हेतु विदेशों से सहायता प्राप्त करने का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (प्रो॰ योगेन्दर के॰ अलफ): (क) तथा (ख) जी, हां। कैगा और राजस्थान के 220 मैगावाट क्षमता वाले दो यूनिटों जो इस समय निर्माण के अंतिम चरणों में हैं, को 1998-99 के दौरान् चालू कर दिए जाने की आशा है। इसके अलावा इस समय निम्नलिखित परमाणु विद्युत परियोजनाओं को IX पंचवर्षीय योजना में शामिल किए जाने का प्रस्ताव किया जा रहा है:

1. तारापुर परमाणु विद्युत परियोजना-3 और 4	2 X 500 मेगावाट
2. कैगा परमाणु विद्युत परियोजना-3 और 4	2 X 220 मेगावाट

परमाणु विद्युत कार्यक्रम के ब्यौरों को नवीं योजना को अंतिम रूप दिए जाने के समय अंतिम रूप दिया जाएगा।

(ग) तथा (घ) नवम्बर, 1988 के अंतर्सरकारी करार के अनुपूरक पर और कुडानकुलम, तमिलनाडु में 2X1000 मेगावाट की परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने संबंधी अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लिए रूसी परिसंघ के साथ चल रही बात-चीत इस समय प्रगति पर है।

ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमिकों को आवास प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय नीति

1259. **श्री मोहिन्दर सिंह कल्याण:** क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश के, विशेषकर पंजाब के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमिकों को आवास सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में कोई राष्ट्रीय नीति तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार देश में ग्रामीण श्रमिकों की हालत में सुधार करने हेत आवश्यक नीति तैयार कर रही है और कारगर कदम उठा रही है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चन्द्र देव प्रसाद वर्मा): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) सरकार इंदिरा आवास योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, मुक्त बंधुवा मजदूरों और गरीबी की रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे गैर-अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोगों को निशुल्क आवास मुहैया कराती है। सरकार ने वर्ष 2001 ईस्वीं तक सभी ग्रामीण गरीबों को आवास मुहैया कराने के लिए कार्य योजना भी तैयार की है।

CBI Enquiry in Financial Scandals

1260. DR. D. VENKATESHWAR RAO: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what is the total number of financial scandals at present being investigated by the CBI;

(b) the States where these scandals have taken place;

(c) the amount involved in each scandal and whether the CBI has completed enquiry in all these scandals; and

(d) the cases in which CBI has chargesheeted the persons involved in the scandals?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS (SHRI S. R. BALASUBRAMONIYAN): (a) At present, CBI is investigating 130 cases of financial scandals.

(b) to (d) Out of these 130 cases, investigations in 66 cases have been completed. Charge sheets have been filed in 30 cases. The details of the amount involved in these 30 cases and the States where charge sheets have been filed are indicated in the enclosed statement (*See* below). The remaining cases are under investigation.

In all the above cases registered by the CBI, the Law will take its course.